# मोदी ने समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ किया काम



**नई दिल्ली, 17 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर पूरे देश में बधाइयों और कार्यक्रमों की बौछार रही. त्यागराज स्टेडियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी ने विकसित और समृद्ध भारत के संकल्प के साथ कार्य किया है, जिसका परिणाम आज हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है.**

शाह ने भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मोदी के साझा जन्मदिन का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी ने 11 वर्षों के कार्यकाल में कभी भेदभाव नहीं किया और 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार माना. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 का निरसन, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ उनके नेतृत्व का प्रमाण हैं. गृह मंत्री ने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब तक सात करोड़ से अधिक गरीबों को घर और मूलभूत सुविधाएँ दीं तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला. उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुँच जाएगा.

### इजरायल प्रधानमंत्री ने मोदी को दी बधाई



इजरायल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं. मैं जल्द ही आपसे मिलने का इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि हम अपनी साझेदारी और दोस्ती को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं. जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त.

### मोदी पर लिखी गई चर्चित पुस्तकें

मोदी के जीवन और नेतृत्व पर कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. इनमें कर्म योद्धा ग्रंथ, नरेन्द्र मोदी - ए पॉलिटिकल बायोग्राफी (एंडी मैरिनो), सेंटर स्टेज (उदय माहुरकर), द मैन ऑफ द मोमेंट (एम.वी. कामथ व कालिंदी रानदेरी) और द मोदी इफेक्ट (लैंस प्राइस) प्रमुख हैं. इन पुस्तकों ने मोदी मॉडल, उनकी कार्यशैली, राजनीतिक रणनीति और वैश्विक नेतृत्व को अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया है.

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा

भाजपा ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' शुरू किया है. इसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, फोटो प्रदर्शनी और समाजसेवा कार्यक्रम आयोजित होंगे. प्रधानमंत्री इस अवसर पर मध्यप्रदेश के धार जिले में पीएम मित्रा पार्क का भूमि पूजन और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं.



### दिल्ली के लिए विशेष योगदान

कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली की जरूरतों को हमेशा प्राथमिकता दी है. उन्होंने बताया कि दिल्ली में लगभग 400 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क, 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएँ और यमुना सफाई के लिए 9,000 करोड़ रुपये का बजट मोदी सरकार की देन है.

### राष्ट्रव्यापी शुभकामनाएँ




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं. विपक्षी नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और अखिलेश यादव ने भी बधाई संदेश दिए.

#### खरगे ने जन्मदिन पर मोदी को दी बधाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की शुभकामनायें दी हैं.

#### बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा का विशेष संदेश



टीएमसी सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने सोशल मीडिया पर लिखा– हमारे मित्र और समाज के मित्र माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएँ. उन्होंने अंग्रेज़ी में जोड़ा– (एक बार दोस्त बन जाए, तो सच्चे अर्थों में हमेशा दोस्त रहता है). यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक हलकों में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे बिहार की राजनीति में फिर घरवापसी की तैयारी कर रहे हैं.

## आज से बिहार के दौरे पर अमित शाह

### संगठन से जुड़ी कई बैठकों में होंगे शामिल



**पटना, 17 सितंबर (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दौरान गुरुवार को संगठन से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे. वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक दलों के बीच चुनावी तैयारियों को तेज करने के लिए आज देर शाम विशेष विमान से पटना पहुंचेंगे.**

वह विभिन्न जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे. इस संबंध में चुनावी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए गृहमंत्री डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास जिला) के स्वर्गीय ललन सिंह स्टेडियम में मगध और शाहाबाद क्षेत्र के 10 जिलों के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलेंगे. दोपहर बाद बेगूसराय में पटना ग्रामीण, पटना महानगर, बाढ़ और नालंदा जिलों सहित अन्य 10 जिलों के नेताओं और पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे.

## ईवीएम में पहली बार उम्मीदवारों की होंगी रंगीन तस्वीरें

**रांची.** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने ईवीएम मतपत्रों के डिजाइन और छपाई के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों (चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत) को उनकी स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए संशोधित किया है. यह पहल पिछले 6 महीनों में चुनाव प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बेहतर बनाने और मतदाताओं के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए ईसीआई द्वारा पहले से ही की गई 28 पहलों के अनुरूप है. अब से, उम्मीदवारों की तस्वीरें ईवीएम मतपत्र पर रंगीन छपी होंगी.

## जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को फायदा

**02** लाख करोड़ रुपये की बचत | **22** से लागू होगी जीएसटी सुधार

**नई दिल्ली, 17 सितम्बर. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को 2 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी. यह कदम आम लोगों के हाथों में बचत या विवेकाधीन खर्च के लिए अधिक पैसा लाएगा.**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आउटरीच और इंटरेक्शन कार्यक्रम में संबोधन के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय कर बोझ कम करने और अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है. अब 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत आ गई हैं, जो मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए लाभकारी होगा.



निर्मला सीतारमण ने कहा कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब प्रणाली अपनाकर 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की पुरानी दरों को हटाया गया है, जिससे कर संरचना पारदर्शी और पालन में आसान हो गई है. ये सुधार कृषि वस्तुओं पर कर कम कर किसानों की आय बढ़ाने और एमएसएमई को बेहतर अवसर प्रदान करने में भी मददगार होंगे.

उल्लेखनीय है कि नए जीएसटी सुधार 22 सितंबर से लागू होंगे, जो आर्थिक विकास को गति देंगे और हर नागरिक को सशक्त बनाएंगे. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्वास जताया कि यह ऐतिहासिक कदम भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा.

### राजस्व और रोजगार में वृद्धि

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी राजस्व 2018 के 7.19 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि करदाताओं की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है. उन्होंने कहा कि ये सुधार क्रय शक्ति बढ़ाएंगे और पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को मजबूत करेंगे.

## एक नजर में

### ग्रामीण निकायों को मिला 342 करोड़ का अनुदान



**नयी दिल्ली.** केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत तमिलनाडु और असम में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिये 342 करोड़ रुपए जारी किये हैं. आधिकारिक सूचना के अनुसार तमिलनाडु के लिए 127.586 करोड़ रुपए की अबद्ध अनुदान राशि की पहली किस्त वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गयी है जिसमें 2901 ग्राम पंचायतें, 74 ब्लॉक पंचायतें और नौ जिला पंचायतें शामिल हैं. वर्ष 2024-25 के लिए असम को 214.542 करोड़ रुपए जारी किये गये हैं जिसमें 2192 ग्राम पंचायतें, 156 ब्लॉक पंचायतें और सभी 27 जिला परिषद शामिल हैं. केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अनुदान राशि जारी करने की सिफारिश की है जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा एक वित्त वर्ष में दो किस्तों में जारी किया जाता है. केंद्र सरकार से जारी इस अनुदान का उपयोग ग्रामीण स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं द्वारा संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए किया जाता है.

### सरकारी स्कूल के प्राचार्य की गोली मारकर हत्या

**बलिया.** जिले में सनसनीखेज वारदात सामने आई है. उभांव थाना क्षेत्र के साहुनपुर के पास बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने छुट्टी के बाद सरकारी स्कूल की शिक्षिका और प्रधानाध्यापक से लूट का प्रयास किया. विरोध करने पर बदमाशों ने प्रधानाध्यापक की गोली मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद इलाके दहशत फैल गई. जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई है. कस्बा के वार्ड संख्या 11 (यादव नगर) निवासी प्रधानाध्यापक 57 वर्षीय देवेंद्र यादव और वार्ड संख्या आठ (बीबीपुर) निवासी शिक्षिका कंचन सिंह देवरिया के लार थाना क्षेत्र के भरौली में तैनात हैं. दोनों छुट्टी होने के बाद एक ही बाइक से वापस लौट रहे थे. उभांव थाना क्षेत्र के साहुनपुर के पास बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने कंचन और देवेंद्र को ओवरटेक कर घेर लिया. लुटेरे हथियार के बल पर कंचन और देवेंद्र के गले से सोने का चेन छीन लिया. विरोध करने पर बदमाश देवेंद्र को गोली मारकर फरार हो गए. गोली चेहरा पर लगी और जबड़े में जाकर फंस गई.

## कुदरत का कहर, लेकिन हौसला बुलंद

### पंजाब सरकार ने शुरू किया 'मिशन चढ़दीकला'

- केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि पंजाब फिर से खड़ा होगा

**नई दिल्ली, 17 सितम्बर. पंजाब पर हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने बड़ी तबाही मचाई है. हज़ारों खेतों पर रेत की मोटी परत जम गई है, स्कूलों और घरों में कीचड़ भर गया है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं.**



हालांकि, यह पंजाब है जहाँ लोग मुश्किलों से टूटते नहीं बल्कि और मज़बूत होकर खड़े होते हैं. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि पंजाब फिर से खड़ा होगा, पहले से भी मज़बूत होकर. पंजाब सरकार ने 'मिशन चढ़दीकला' शुरू किया है. यही पंजाब की पहचान है कि चाहे कितनी भी बड़ी मुसीबत आ जाए, पंजाबी अपने हौसले और चढ़दीकला के दम पर न सिर्फ़ खुद को खड़ा करते हैं बल्कि दूसरों को भी हाथ पकड़कर बाहर निकालते हैं.

उन्होंने लोगों से अपील की कि सब मिलकर इस मिशन में शामिल हों, टूटे सपनों को जोड़ें और पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाएं. साथ ही उन्होंने देशवासियों से दिल खोलकर पंजाब की मदद करने की भी अपील की.

### आज का इतिहास

- 1180 : फिलिप असस्टस फ्रांस के राजा बने.
- 1803 : अंग्रेजों ने पुरी पर कब्जा किया.
- 1810 : चिली ने स्पेन से अलग होने की घोषणा की.
- 1812 : मास्को में आग लगने से शहर का बड़ा हिस्सा तबाह, 12 हजार लोगों की मौत.
- 1851 : न्यूयार्क टाइम्स अखबार का प्रकाशन शुरुआत हुयी.
- 1919 : हालैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला.
- 1922 : हंगरी लीग ऑफ नेशंस में



## मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

- गढ़चिरौली-बीजापुर में नक्सली घटनाएं
- मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या

**गढ़चिरौली/बीजापुर, 17 सितम्बर. महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. मंगलवार को गढ़चिरौली के घने जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच घंटों चली मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गईं.**

वहीं बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की निर्मम हत्या कर दी. इन दोनों घटनाओं ने एक बार फिर नक्सली गतिविधियों की गंभीरता और उनकी बर्बरता को उजागर कर दिया है. गढ़चिरौली पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गट्टा एलओएस से जुड़े नक्सली एटापल्ली ताल्लुका के मोडास्के गांव के पास जंगल में डेरा जमाए हुए हैं. जानकारी मिलते ही अहेरी पुलिस ने तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया. इस ऑपरेशन के लिए सी-60 कमांडो की पांच यूनिट्स को तैनात किया गया.

### हथियार बरामद, ऑपरेशन जारी

मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एके-47 राइफल, पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए हैं. अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता है. हालांकि अभी भी जंगल में कई नक्सलियों के छिपे होने की आशंका है. इसलिए सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्चिंग तेज कर दी है और आसपास के गांवों को सतर्क कर दिया गया है. बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक बार फिर अपनी क्रूरता दिखाई. थाना जांगला क्षेत्र के ग्राम बेंचरम में 36 वर्षीय ग्रामीण दशरू राम ओयाम को नक्सलियों ने उनके घर से जबरन बाहर निकाला और धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया.

## रक्षा मंत्री ने मुक्ति दिवस पर फोटो प्रदर्शनी देखी

**हैदराबाद, 17 सितंबर. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को शहर के परेड मैदान में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस पर फोटो प्रदर्शनी देखी.**



उनके साथ केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय और अन्य स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद थे. भारत सरकार द्वारा आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस 2025 समारोह का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक घटनाओं और स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों पर लगभग 50 पैनलों वाली यह फोटो प्रदर्शनी थी. यह प्रदर्शनी केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से लगायी गई है. इसका उद्घाटन 14 सितंबर को तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया था. यह प्रदर्शनी बड़ी संख्या में दर्शकों, विशेषकर छात्रों को आकर्षित कर रही है.

राशि ट्रांसफर | नीतीश ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का शुभारंभ भी किया

## श्रमिकों के खाते में 802 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर

**पटना, 17 सितंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत** 16 लाख 04 हजार **929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खाते में** 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार **रुपये की राशि ट्रांसफर की.**




कुमार ने आज एक अणे मार्ग स्थित संकल्प से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिमोट द्वारा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत 16 लाख 04 हजार 929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना अंतर्गत उत्क्रमित सहायता राशि 5000 रुपये प्रति निर्माण श्रमिक की दर से 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की. उन्होंने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के वेब पोर्टल का शुभारंभ भी किया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार शुरू से काम कर रही हैं. उन्होंने कहा कि राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के नये आयामों को छू रहा है उसमें हमारे श्रमिक भाई-बहनों का अतुलनीय योगदान है. उनके विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है. उन्होंने इस अवसर पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि श्रम संसाधन विभाग अभियान चलाकर जो भी छूटे हुए श्रमिक भाई-बहन हैं उन्हें निबंधित कर इस योजना से जोड़ें एवं उन्हें इसका लाभ दिलाएं.

श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियमावली, 2016 के तहत योग्य एवं निबंधित निर्माण कामगारों, श्रमिकों की सहायता के लिए वर्ष 2020 से वार्षिक वस्त्र सहायता योजना शुरू की गयी है. इस योजना में प्रत्येक निबंधित निर्माण श्रमिक को उनके बैंक खाते में प्रति वर्ष 2500 रुपये की राशि दी जाती है जिसे अब बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दिया गया है. प्रतिज्ञा योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है.

## पीयूष गोयल आज से यूएई दौरे पर

### निवेश व व्यापार सहयोग पर होंगी अहम बैठकें



**नयी दिल्ली, 17 सितंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दो दिवसीय दौरे पर होंगे. इस दौरान वे निवेश पर 13वीं भारत-यूएई उच्च स्तरीय संयुक्त निवेश कार्य बल की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे.**

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार गोयल अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) के प्रबंध निदेशक महामहिम शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान के साथ बैठक करेंगे. इसमें भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए), दोहरे कराधान संधि और केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. दोनों पक्ष समुद्री और अंतरिक्ष सहित उन क्षेत्रों में निवेश अवसर तलाशेंगे, जिनमें विकास की व्यापक संभावनाएँ हैं. गोयल यूएई के विदेश व्यापार मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ायौदी के साथ यूएई-भारत व्यापार परिषद गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे.

Hon. Balasaheb Thackeray Agribusiness and Rural Transformation (SMART) Project (www.smart-mh.org)

E-TENDER NOTICE NO. - 2025_DOAWB_1188302_2

Construction of Godown 1000 Mt and Processing Unit 344.77 Sqm

The Government of Maharashtra is implementing the World Bank-funded SMART Project. **TAPIMAI FARMER PRODUCER CO. LTD. POST DAUL TAL. SHINDKHEDA DIST. DHULE** is one of the beneficiaries under the project and inviting online bids on **https://mahatenders.gov.in** for above mentioned works. The estimated cost of work is **Rs. 162.94 lakhs (Including GST).** The last date for submission of online bid is **17/10/2025 up to 12:30 PM.** Any updates or notices shall be published on aforementioned websites only.

District Implementation Unit, SMART Project Dist Dhule